कार्यालय वन वृत्त शहडोल-484001 (मध्यप्रदेश)

PHONE - 245361 FAX - 240189 E_MAIL- ccf.sdl@mp.gov.in

क्रमांक/माचि /2022/ 1044 शहडोल, दिनांक 09/02/2022

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
वनमंडल दक्षिण शहडोल.

विषय – **शहडोल जिले में शाहपुर कोल ब्लाक रकबा 659.00 हे0 में से राजस्व वनभूमि 12.733 हे0 तथा राजस्व भूमि रकबा 646.267 हे0 भूमिगत खनन हेतु चौगुले प्रा0लि0 गोवा को उपयोग में देने बावत। प्रकरण ऑनलाईन क्रमांक – PF/MP/MIN/147526/2021**

संदर्भ – **आपका ज्ञापन क्रमांक/माचि./2022/149 दिनांक 27.01.2022.**

–☆☆☆–

विषयान्तर्गत मेसर्स जनरल मैनेजर चौगुले प्राईवेट लिमिटेड गोवा, कैम्प शहडोल द्वारा आपके वनमंडल के परिक्षेत्र शहडोल के अंतर्गत शाहपुर कोल ब्लाक रकवा 659.000 हेक्टेयर भूमि के अंतर्गत 12.733 हेक्टेयर राजस्व वनभूमि का भूमिगत कोयला उत्खनन् हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत प्रस्ताव ऑनलाईन/हार्डकॉपी में संदर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत किया है। प्रस्ताव का परीक्षण करने पर निम्नानुसार कमियॉ/त्रुटियॉ पायी गयी है :–

1 प्रस्तावित राजस्व वन भूमि निकटतम वन सीमा बीट–कोटौतिया के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 783 से लगभग 400 मीटर की दूरी पर है।

2 आपके द्वारा प्रस्तावित राजस्व वनभूमि का स्थल निरीक्षण कर स्थल की गुणवत्ता IV b एवं घनत्व 0.4 उल्लेख किया है। यह गुणवत्ता एवं घनत्व किस आधार पर निर्धारित की गई है, स्पष्ट करें।

3 आप द्वारा प्रस्तावित 12.733 हे. राजस्व वनभूमि की स्थल गुणवत्ता IV b एवं घनत्व 0.4 उल्लेख है। प्रस्तावित राजस्व वनभूमि की स्थल गुणवत्ता एवं घनत्व किस आधार पर उल्लेखित किया है, स्पष्ट करें।

4 प्रस्तावित राजस्व वनभूमि की ईको वैल्यू श्रेणी का उल्लेख नहीं है, उल्लेख करें।

5 प्रस्तावित परियोजना भूमिगत होने के कारण क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना तैयार कर नहीं बनाये गये है, उल्लेख है जबकि आवेदक संस्थान द्वारा प्रस्तावित राजस्व वनभूमि भूमिगत कोयला खदान प्रस्तावित की गयी है तथा प्रस्तावित राजस्व वनभूमि के उपरितल पर खड़े वृक्षो का विदोहन भी नहीं किया जावेगा, स्पष्ट करें।

6 प्रस्ताव के हार्डकॉपी में न्यूनतम वनभूमि का प्रमाण–पत्र एवं राष्ट्रीय उद्यान अभ्यारण्य जैव मण्डल रिजर्व, बाघ रिजर्व, हाथी कॉरीडोर आदि का भाग नहीं है जबकि आप द्वारा उल्लेखित प्रमाण–पत्र में राजस्व वनभूमि तथा वनभूमि होने का उल्लेख किया है। संशोधित प्रमाण–पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करें।

7 विषयॉकित परियोजना 659.000 हे0 भूमि में से वनमंडल उमरिया के अंतर्गत 51.013 हे0 आंशिक राजस्व भूमि शामिल है। वनमंडलाधिकारी, उमरिया ने प्रस्तावित राजस्व भूमि का संयुक्त स्थल निरीक्षण किया एवं उक्त क्षेत्र वन्यजीवों के दृष्टिकोंण से महत्वपूर्ण बताया ज़ाना, लेख किया है। आप पुनः से प्रस्तावित परियोजना का स्थल निरीक्षण करें तथा वन्यजीवों के दृष्टिकोंण से महत्वपूर्ण है तो इसका प्रतिवेदन देवें।

उपरोक्तानुसार कमियों/त्रुटियों की पूर्ति हेतु प्रस्ताव ऑनलाईन/हार्डकापी वापस किया जाता है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

(पी0के0 वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म0प्र0)

पृ.क्रमांक/माचि /2022/ 1045 शहडोल, दिनांक ..09/02/2022

प्रतिलिपि–

1 अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल।

2 मेसर्स जनरल मैनेजर चौगुले प्राईवेट लिमिटेड, गोवा कैम्प शहडोल की ओर सूचनार्थ।

मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म0प्र0)